# मेडी में अमृत बरसे | By Brijesh Kumar Sarkha

मेडी में अमृत बरसे है गाओ सब दिल खोल के
जयकारे बोल के जयकारे बोल के

दर पे आते नर नारी
इच्छा हो पूरण सारी
बाबा जाहर बलकारी
करते हैं किरपा भारी
नीले के असवारी की तुम देखो नबज़ टटोल के
जयकारे बोल के जयकारे बोल के

ज्ञान गोरख से पाए
पीर बगड़ के कहाये
देव कलयुग के बन कर
धरती के बीच समाये
राम नाम रुपी अमृत को पीते हैं सब घोल के
जयकारे बोल के जयकारे बोल के

भादोबादी नौमी आती
भीड़ दर पे लग जाती
दीन दुखियों के बाबा
बने है सदा ही माती
आशीर्वाद मिले भक्तों को इनका है बिन मोल के
जयकारे बोल के जयकारे बोल के

हिन्दू और मुस्लिम भाई
पूजते इनको ईसाई
जाहर बाबा में भरी है
सबसे ज्यादा सकलाई
कैलाश चन्द घने करताई धर कांटे पे तोल के
जयकारे बोल के जयकारे बोल के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%a1%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%85%e0%a4%ae%e0%a5%83%e0%a4%a4-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-brijesh-kumar-sarkha/